Need for resumption of flight services from Kushinagar International Airport-laid

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) : हमारे लोक सभा क्षेत्र कुशीनगर में लगभग बीस साल से निर्माणाधीन हवाई अड्डे का निर्माण अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप मे 2021 को पूर्ण हुआ । जिसका उद्घाटन यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा 20/10/21 को हुआ था । स्पाइस जेट एयर लाइन्स की कुशीनगर से दिल्ली और दिल्ली से कुशीनगर की एक फ्लाइट की उड़ान प्रारम्भ हुई । नियमित उड़ान लगभग दो माह चली, इसके बाद ही अनियमित उड़ान के साथ दो - तीन महीने चला, उसके बाद लो - विजीविलिटी कारण दिखा कर उड़ान को पूर्णतः बंद कर दिया गया । चुनाव के दौरान जनता का प्रश्न एक मुद्दा बना हुआ था । अब न तो डोमेस्टिक उड़ान इस एयरपोर्ट से हो रही है, न ही अंतराष्ट्रीय उड़ान कभी प्रारम्भ हो सकी । स्टाफ सभी मौजूद है, राजस्व की क्षति एवं प्रतिमाह करोडो का व्यय हो रहा है । मैं माननीय नागर विमानन मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि उक्त एयरपोर्ट की कार्रवाई को संज्ञान मे लेते हुए कुशीनगर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दिल्ली, मुंबई और जम्मू की डोमेस्टिक उड़ान इंडिगो, एयरइंडिया एवं गो एयर आदि से उड़ान प्रारम्भ कराने का कष्ट करें ।